अमेरिका-दक्षिण कोरिया करेंगे संयुक्त युद्धाभ्यास : (टोक्यो, स्पूतनिक)। *परमाणु अप्रसार वार्ता में खलल पड़ने की उत्तर कोरिया की चेतावनी के बावजूद अमेरिका और दक्षिण कोरिया अगस्त में होने वाले संयुक्त युद्धाभ्यास की जोरदार तैयारियों में जुटे हैं। दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता चोई ह्यून सू ने गुरुवार को यह खबर दी। समाचार एजेंसी योंहप ने श्री चोई के हवाले से कहा, "युद्धाभ्यास की तैयारियां की जा रही हैं।" उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को चेताया था कि अगर अमेरिकी और दक्षिण कोरियाई सेना के जवान '19-2 डोंग मेंग' संयुक्त युद्धाभ्यास करते हैं तो अमेरिका के साथ परमाणु कार्यक्रमों पर विराम लगाने समेत इससे संबंधित कई मुद्दों पर होने वाली बातचीत पर गहरा असर पड़ सकता है।*

सार समाचार

पाक के पूर्व प्रधानमंत्री शाहिद खाकान अब्बासी गिरफ्तार

लाहौर,वार्ता। पूर्व प्रधानमंत्री एवं पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल.एन) के नेता शाहिद खाकान अब्बासी को राष्ट्रीय जबावदेही ब्यूरो (नैब) ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पूर्व प्रधानमंत्री को नैब ने एलएनजी मामले में गिरफ्तार किया है। वह पार्टी अध्यक्ष शहबाज शरीफ के संवाददाता सम्मेलन में हिस्सा लेने लाहौर जा रहे थे। उन्हें टोल प्लाजा पर गिरफ्तार किया गया। जियो न्यूज के अनुसार पूर्व प्रधानमंत्री की गिरफ्तारी की पार्टी के नेता अहसान इकबाल ने पुष्टि की है। नैब ने पूर्व प्रधानमंत्री को गुरुवार को एलएनजी मामले में समन किया था। पूर्व प्रधानमंत्री पर आरोप है कि उन्होंने 220 अरब रुपए की एक निविदा उस कंपनी को आवंटित की जिसके वह स्वयं शेयरधारक थे। उनका नाम पाकिस्तान नहीं छोड़ने वालों की सूची में शामिल है।

वियतनाम में चार बच्चों की तालाब में डूबने से मौत

हनोई, शिन्हुआ। वियतनाम के खांह होआ प्रांत के एक तालाब में चार बच्चों की डूबने से मौत हो गयी। स्थानीय मीडिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दैनिक अखबार थान निएन ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि बुधवार को खांह विन्ह जिले के खांह होआ में पांच से सात वर्ष के तीन लड़के और एक लड़की जो कि करीबी रिश्तेदार थे, तालाब में नहाने गये थे। इस दौरान फिसल कर गहरे पानी में चले जाने से वे तालाब में डूब गये। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वियतनाम में हर साल दो हजार से अधिक बच्चों की डूबने से मौत हो जाती है।

नए करार के लिए रुस जा सकते हैं मादुरो : जॉर्ज

संयुक्त राष्ट्र, स्पूतनिक। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो इस वर्ष नए करार के लिए रुस की यात्रा कर सकते हैं। वेनेजुएला के विदेश मंत्री जॉर्ज अरिएजा ने इसकी जानकारी दी। श्री जॉर्ज ने संयुक्त राष्ट्र में पत्रकारों से बातचीत में कहा, "रुस हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण है और हम रुस के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करने और अपने प्रतिनिधिमंडल को रुस भेजने के लिए तैयार हैं। इस वर्ष कभी भी राष्ट्रपति मादुरो नए करार करने के लिए रुस की यात्रा कर सकते हैं।" श्री जॉर्ज ने कहा, "रुस हमारे लिए विभिन्न क्षेत्रों में काफी महत्वपूर्ण साझेदार है और राष्ट्रपति पुतिन के साथ कई मुद्दों पर हमें सार्थक चर्चा करनी है। हम रुस के साथ संपर्क में है और सही वक्त आने पर कूटनीतिक दिशा के बारे में बताएंगे।" गौरतलब है कि इस वर्ष जनवरी में अमेरिका समर्थित विपक्षी नेता जुआन गुएदो के खुद को अंतरिम राष्ट्रपति घोषित करने के बाद वहां राजनीतिक अस्थिरता आ गई थी।

ट्रंप के खिलाफ महाभियोग के पक्ष में नहीं है अमेरिका संसद

वॉशिंगटन ■ भाषा

अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ महाभियोग चलाने के प्रस्ताव के विरोध में बुधवार को मतदान किया। हालांकि इस सदन में विपक्षी दल डेमोक्रेटिक पार्टी को बहुमत प्राप्त है।

सांसद अल ग्रीन की ओर से राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ महाभियोग चलाने के लिए रखे गए प्रस्ताव के पक्ष में महज 95 सांसदों ने वोट किया। जबकि उसके विरोध में 332 लोगों ने वोट डाला।

इस प्रस्ताव पर मतदान से यह स्पष्ट हो गया कि व्हाइट हाउस में स्पष्ट राजनीतिक विभाजन के बावजूद डेमोक्रेटिक पार्टी ट्रंप के खिलाफ महाभियोग के पक्ष में नहीं है। वहीं एक रैली के लिए नॉर्थ कैरोलीना में मौजूद ट्रंप ने इस बेहद बेवकूफी भरा प्रस्ताव बताया।

उन्होंने कहा, ''हमें अभी भी महाभियोग चलाने के खिलाफ बहुमत मिला है और यह सब यहीं खत्म होता है। अब सब काममें जुट जाएं।'' सांसद ग्रीन को हालांकि इस मामले में अपने डेमोक्रेट सहयोगियों का भी साथ नहीं मिला है लेकिन उनका कहना है कि वह प्रभाव डालने में सफल रहे। उन्होंने कहा, ''मेरे विचार में वह असफल नहीं हुआ। मेरे विचार में इस बार हमें 95 वोट मिले, जबकि पिछली बार 66 मिले थे। ऐसे में यह बेहतर है। लेकिन हमें 95 वोट मिलें या 5 हमारा लक्ष्य कुछ साबित करने का था।'' ट्रंप के खिलाफ महाभियोग चलाने के प्रस्ताव को गिराने में सबसे आगे सदन की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी रहीं।

अमेरिकी कांग्रेस ने सऊदी को हथियार बेचने पर लगाई रोक

वॉशिंगटन, एएफपी। अमेरिकी संसद ने बुधवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को बड़ा झटका देते हुए सऊदी अरब और अन्य सहयोगियों को हथियार बेचने पर रोक लगा दी है। इससे ट्रम्प के वीटो पावर का इस्तेमाल करने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। सऊदी के पत्रकार जमाल खशोगी की पिछले साल संदिग्ध परिस्थितियों में हुई हत्या के बाद से ही सांसद रियाद से नाराज थे। इस साल की शुरुआत में ट्रम्प द्वारा आपातकालीन उपायों के तहत घोषित विवादास्पद बिक्री को रोकने वाले तीन प्रस्तावों को मंजूरी दी भी गई थी। आलोचकों का कहना है कि हथियारों की बिक्री यमन में विनाशकारी युद्ध को बढ़ावा देगी, जहां सऊदी अरब ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के खिलाफ लड़ाई में अमेरिका समर्थित गठबंधन का नेतृत्व कर रहा है।

जाधव मामले में न्यायालय का फैसला स्वागत योग्य:इमरान

इस्लामाबाद ■ वार्ता

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने भारतीय नागिरक कुलभूषण जाधव को भारत नहीं लौटाने के अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) के फैसले का स्वागत किया है।

श्री खान ने जाधव मामले में आईसीजे के फैसले के एक दिन बाद गुरुवार को अपनी प्रतिक्रिया में यह बात कही। आईसीजे ने श्री जाधव की मौत की सजा पर रोक लगा दी है और उन्हें वकील मुहैया कराये जाने की अनुमति दी है। श्री खान ने कहा कि भारतीय नागरिक को बरी नहीं करने और उसकी मौत की सजा पर पुनर्विचार करने का आईसीजे का आदेश स्वागत योग्य है। श्री खान ने ट्वीट करके कहा, "अंतरराष्ट्रीय न्यायालय का कुलभूषण जाधव को बरी करके भारत नहीं भेजने का फैसला स्वागत योग्य है। वह पाकिस्तान के लोगों के खिलाफ अपराधों के दोषी हैं। पाकिस्तान इस मामले में आगे की कार्रवाई कानून के अनुसार करेग।" आईसीजे ने बुधवार को अपने फैसले में कहा कि पाकिस्तान ने जाधव को वकील मुहैया ना करना वियना संधि के अनुच्छेद 36 (1) का उल्लंघन है। उसकी फांसी की सजा पर तब तक रोक लगी रहनी चाहिए जब तक कि पाकिस्तान अपने फैसले पर पुनर्विचार और उसकी प्रभावी समीक्षा नहीं कर लेता।

न्यायाधीश अब्दुलकवी अहमद यूसुफ की अध्यक्षता वाली अंतरराष्ट्रीय न्यायालय की पीठ ने जाधव की सजा और कारावास पर "पुनर्विचार और प्रभावी समीक्षा" का आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान ने भारतीय नौसेना के पूर्व अधिकारी पर जासूसी का आरोप लगाते हुए सैन्य अदालत में फांसी की सजा सुनाई थी।

शरीफ परिवार की संपत्तियों को जब्त करने का आदेश

लाहौर ■ वार्ता

पाकिस्तान की राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (नैब) ने पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के भाई एवं विपक्षी नेता शहबाज शरीफ के परिवार की संपत्तियों तथा दो वाहनों को जब्त करने का आदेश दिया है।

जियो न्यूज ने गुरुवार को बताया कि नैब की लाहौर इकाई ने बुधवार को विभिन्न संस्थानों को पत्र लिखकर पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के अध्यक्ष शरीफ के लाहौर के मॉडल टॉउन स्थित दो मकानों 87-एच और 96-एच को जब्त करने का आदेश दिया है। दोनों ही मकान श्री शरीफ की पत्नी नुसरत शहबाज के नाम पंजीकृत है। पत्र में नुसरत के नाम पर पंजीकृत अयुबिआ के गलयात इलाके में डुंगा गली में स्थित नौ कनाल घर को भी जब्त करने की चर्चा है।

नैब ने लाहौर के डीफेंस हाउसिंग ऑथरिटी के फेज पांच में बने दो मकानों तथा हीरापुर स्थित जमीन के एक टुकड़े, एक कॉटेज और एक विला को भी जब्त करने का आदेश दिया है जो श्री शरीफ की दूसरी पत्नी तहमीना दुर्रानी के नाम पंजीकृत है। नैब ने श्री शरीफ के बेटे हमजा शहबाज के नाम पर लाहौर के जोहार शहर में जमीन के नौ प्लाटों को भी जब्त करने का आदेश दिया है। नैब के पत्र के अनुसार, उपरोक्त संपत्तियों और वाहनों को न तो बेचा जा सकता है और न ही उनके स्वामित्व को किसी और के नाम पर हस्तांतरित किया जा सकता है।

'भारत के साथ रक्षा साझेदारी मजबूत'

वॉशिंगटन, भाषा। पेंटागन ने कहा है कि भारत के साथ अमेरिका की रक्षा साझेदारी मजबूत है और इसे अधिक मजबूत बनाने के बारे में विचार किया जा रहा है। साथ ही राष्ट्र को अन्य देशों से सैन्य हार्डवेयर खरीदने के खिलाफ आगाह किया है जो इसकी पांचवी पीढ़ी के जटिल विमान का सामना करने को लेकर डिजाइन किए गए हैं।

ये टिप्पणियां राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस घोषणा के एक दिन बाद आई है कि अमेरिका तुर्की को एफ-35 लड़ाकू विमान नहीं बेचेगा। इससे पहले तुर्की ने रूस से एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीदी थी। गौरतलब है कि भारत भी अपने पुराने मित्र रूस से एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली की खरीद कर रहा है। रक्षा नीति के अवर उपसचिव डेविड जे ट्राचटेनबर्ग ने कहा, "मेरे विचार में भारत के साथ हमारी रक्षा साझेदारी मजबूत है और इसे और मजबूत बनाने पर विचार किया जा रहा है।"

जापान में एनिमेशन स्टूडियो में संदिग्ध आगजनी में 24 लोगों की मौत

टोक्यो ■ एएफपी

जापान में एक एनिमेशन प्रोडक्शन कंपनी में बृहस्पतिवार को संदिग्ध आगजनी में 24 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग जख्मी हो गए। क्योटो शहर में स्थित इमारत जलकर राख हो गई।

पुलिस ने बताया कि ऐसा लग रहा है कि जानबूझकर आग लगाई गई लेकिन अभी इसके पीछे के मकसद के बारे में कोई सूचना नहीं मिली है।

आशंका है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। अधिकारियों ने कहा कि उन्हें लगता है कि कई और लोग आग से बचने में नाकाम रहे। अधिकारियों ने बताया कि घटना में 35 लोग झुलस गए हैं जिनमें से 10 की हालत गंभीर है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि घटना के वक्त इमारत में करीब 70 लोग मौजूद थे। दमकल विभाग के प्रवक्ता ने बताया, ''बचाव अभियान चल रहा है और हम अंदर फंसे पीड़ितों को बाहर निकालने की कोशिश कर रहे हैं।'' पुलिस ने बताया कि वे आग लगने के कारण का पता लगा रहे हैं लेकिन यह एक संदिग्ध आगजनी लग रही है।

क्योटो के प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता ने बताया, ''एक व्यक्ति ने कुछ तरल पदार्थ फेंका और आग लगा दी।'' सरकारी प्रसारक एनएचके ने बताया कि व्यक्ति को घटना के संबंध में हिरासत में ले लिया गया और बाद में उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

आर्थिकी/कंपनियां

चौतरफा बिकवाली से सेंसेक्स धड़ाम

मुंबई ■ वार्ता

विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच चौतरफा बिकवाली से घरेलू शेयर बाजारों में तीन दिन की तेजी के क्रम पर गुरुवार को ब्रेक लग गया और बीएसई का सेंसेक्स 318.18 अंक यानी 0.81 प्रतिशत लुढ़ककर 38,897.46 अंक पर तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 90.60 अंक यानी 0.78 प्रतिशत की गिरावट के साथ 11,596.90 अंक पर आ गया।

अमेरिकी और चीन के बीच जारी व्यापार युद्ध कि चिंता में बुधवार को अमेरिकी शेयर बाजार में गिरावट देखी गयी थी। इसका असर आज एशियाई तथा यूरोपीय बाजारों पर रहा।

विदेशी बाजारों में बिकवाली के दबाव में दोनों प्रमुख घरेलू सूचकांक पूरे दिन लाल निशान में रहे। सेंसेक्स 11.20 अंक टूटकर 39,204.47

अंक पर खुला और यही इसका दिवस का उच्चतम स्तर भी रहा। दिन चढ़ने के साथ बाजार में बिकवाली भी बढ़ी। आखिरी एक घंटे में बिकवाली और तेज हो गयी। कारोबार की समाप्ति से पहले 38.861.25 अंक के दिवस के निचले स्तर को छूने के बाद सेंसेक्स बुधवार के मुकाबले 318.18 अंक नीचे 38,897.46 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 में से 25 कंपनियां लाल निशान में रहीं जबकि मात्र पांच पर निवेशकों का विश्वास दिखाया। सबसे ज्यादा करीब 13 प्रतिशत की गिरावट यस बैंक में रही। बुधवार को पहली तिमाही कंपनी का वित्तीय परिणाम जारी हुआ था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 11.90 अंक की गिरावट में 11,687.50 अंक पर खुला। इसका ग्राफ भी कमोबेश सेंसेक्स की तरह ही रहा। कारोबार के दौरान इसका दिवस का उच्चतम स्तर 11,677.15 अंक और न्यूनतम स्तर 11,582.40 अंक दर्ज किया गया। अंततः यह गत दिवस के मुकाबले 90.60 अंक नीचे 11,596.90 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी की 50 में से 41 कंपनियों के शेयर लुढ़क गये। मझौली और छोटी कंपनियों पर दबाव ज्यादा रहा। बीएसई का मिडकैप 1.23 प्रतिशत लुढ़ककर 14,363.70 अंक पर और स्मॉलकैप 1.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 13,558.30 अंक पर आ गया।

व्यापार विकास एवं संवर्धन परिषद का व्यापार बोर्ड में विलय

नई दिल्ली, भाषा। सरकार ने व्यापार विकास एवं संवर्धन परिषद (सीटीडीपी) का व्यापार बोर्ड के साथ विलय कर दिया है। इसका मकसद निर्यात और आयात को बढ़ावा देने के लिए सभी हितधारकों के साथ परामर्श प्रक्रिया को अधिक अनुकूल बनाना है। व्यापार विदेश महानिदेशालय (डीजीएफटी) की अधिसूचना के मुताबिक , नया मंच व्यापार बोर्ड के रूप में बना रहेगा और दस संदर्भ शर्तों के साथ काम करेगा। नया बोर्ड राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों को व्यापार नीति पर अपना रुख व्यक्त करने का मंच देगा और राज्यों को राष्ट्रीय विदेश व्यापार नीति की तर्ज पर अपनी निर्यात रणनीतियां विकसित करने में मदद करेगा।

गोएयर 29 नयी उड़ानें शुरू करेगी

नई दिल्ली, वार्ता। किफायती विमान सेवा कंपनी गोएयर ने 13 अंतर्राष्ट्रीय और 16 घरेलू उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है जिसमें दिल्ली-अबुधाबी और मुंबई-मस्कट मार्ग भी शामिल है। कंपनी ने गुरुवार को यहाँ एक प्रेसवार्ता में इसकी घोषणा की। वह 29 जुलाई से दिल्ली-अबुधाबी मार्ग पर उड़ान शुरू करेगी। दिल्ली से अबुधाबी का किराया 7,098 रुपये और वापसी का किराया 8,397 रुपये रखा गया है। मुंबई-अबुधाबी और मुंबई-मस्कट मार्ग पर भी सेवा 19 जुलाई से शुरू की जा रही है। मुंबई से अबुधाबी का किराया 6,599 रुपये और वापसी का 7,597 रुपये तथा मुंबई से मस्कट का किराया 7,100 रुपये और वापसी का किराया 8,597 रुपये रखा गया है। मुंबई-बैंकॉक मार्ग पर 01 अगस्त से उड़ान शुरू की जायेगी।

भीलवाड़ा जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, भीलवाड़ा
(BHILWARA ZILA DUGDH UTPADAK SAHAKARI SANGH LTD.)
(An ISO-9001-22000, EMS & GMP Ceritified Organisation)
5 कि.मी. अजमेर रोड़, भीलवाड़ा – 311001 (राज.)
फोन नम्बर – 01482-264318, 264341, 265380

No. BZDUSS/MKTG./2019/11722-28 Date-16/07/2019

NOTICE INVITING TENDER

The Tender for **ANNUAL RATE CONTRACT FOR WATER PROOFING WORK OF VARIOUS PLACE** is invited from bonifide Manufacturer, Authorized dealer and their suppliers on terms and condition of Bhilwara Zila Dugdh Utpadak Sahakari Sangh Ltd, Bhilwara (Rajasthan). The Tender documents can be purchase up to 5.00 PM dated 29-07-2019. All information related to tender is available on our **website www.bhilwaradairy. & http:/sppp.rajasthan.gov.in (UBN no. CDF1920WSRC00507.)**

The Managing Director shall have right to accept or reject Bid offers in part/whole without assigning any reason thereof.

Managing Director

जीवन से भरे रस–हमारा प्यारा

केयर रेटिंग्स ने मोकाशी को छुट्टी पर भेजा

नई दिल्ली, भाषा। इक्रा के बाद अब केयर रेटिंग्स ने अपने प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश मोकाशी को छुट्टी पर भेज दिया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को मोकाशी के खिलाफ एक 'गुमनाम' शिकायत मिली थी। इस शिकायत पर जांच पूरी होने तक मोकाशी को छुट्टी पर भेजा गया है।

केयर रेटिंग्स ने बुधवार को शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा है कि कंपनी ने टी. एन. अरुण कुमार को अंतरिम मुख्य कार्यकारी नियुक्त किया है। अभी वह कार्यकारी निदेशक (रेटिंग्स) हैं। इसमें कहा गया है कि कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक में फैसला किया गया है कि सेबी को मोकाशी के खिलाफ मिली गुप्त शिकायत पर जांच पूरी होने तक उन्हें छुट्टी पर भेज दिया जाए।

अनुमान

एडीबी ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर घटाया

नई दिल्ली ■ भाषा

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने चालू वित्त वर्ष के लिए देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का ताजा अनुमान 7.2 प्रतिशत से घटाकर सात प्रतिशत कर दिया है। एडीबी के बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट में इसकी वजह विकसित देशों की आर्थिक वृद्धि में नरमी आना बताया गया है जिसके चलते व्यापार योग्य सेवाओं के कारोबार पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है।

हालांकि, एडीबी के अनुसार इसके बावजूद भी भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। आर्थिक वृद्धि के मामले में वह चीन से आगे रहेगा।

एडीबी ने अपने एशियाई विकास परिदृश्य-2019 में कहा कि अमेरिका के साथ चल रहे व्यापार युद्ध की वजह से 2019 में चीन की आर्थिक वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत और 2020 में 6.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

वहीं भारत को लेकर एडीबी ने 2020-21 में देश की आर्थिक वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। उसका कहना है कि हाल में कारोबार सुगमता बढ़ने, बैंकों की मजबूती और कृषि संकट से राहत जैसे सुधारों से इसमें मदद मिलेगी।

हालांकि, यह एडीबी के अप्रैल में जताए अनुमान से कम है। अप्रैल में एडीबी ने 2019 में देश की आर्थिक वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने और उससे पहले 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था जो अब घटकर सात प्रतिशत रह गया है।

एडीबी ने इसके साथ ही दक्षिण एशियाई क्षेत्र की वृद्धि में तेजी के अनुमान को बरकरार रखा है। वर्ष 2019 में इस क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत और 2020 में 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

कार्यालय सचिव आरएमआरएस राजकीय सेटेलाईट चिकित्सालय, शाहपुरा (भीलवाड़ा)

Ph.:- 01484-222203 Email- ssatelitehospital@rocketmail.com

क्रमांक :– आरएमआरएस / 2019 / 673 दिनांक :– 12.07.2019

–:: ई–निविदा सूचना–2019–20 ::–

USB No. – MHS1920SLOBO1002

राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी, सैटेलाईट चिकित्सालय शाहपुरा भीलवाड़ा में निम्नलिखित कार्य हेतु रजिस्टर्ड संस्थाओं / स्वयंसेवी संस्थाओं से निर्धारित प्रपत्र मे ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

निविदाओं का वित्तीय विवरण वेबसाईट Eproc.Rajasthan.gov.in पर से डाऊनलोड किया जा सकता है। कार्यालय से कोई निविदा प्रपत्र का विक्रय नहीं किया जा जावेगा।

निविदा सम्बन्धी किसी भी जानकारी हेतु कार्यालय समय में कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित राशि	धरोहर राशि	निविदा शुल्क	प्रोसेसिंग शुल्क	ऑनलाईन निविदा डाऊनलोड दिनांक व समय	ऑनलाईन निविदा जमा कराने की दिनांक व समय	तकनीकी निविदा खोले जाने की दिनांक व समय
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	सेटेलाईट चिकित्सालय शाहपुरा में विभिन्न श्रेणी के मैन पॉवर की सेवायें हेतू अनुबंध (MNJY-MNDY, BSBY, RMRS, HIMS SNCU योजना अन्तर्गत)	40 लाख	80,000	400	500	18.07.2019 को प्रातः 10.00 बजे से	29.07.2019 को प्रातः 11.00 बजे तक	30.07.2019 को प्रातः 11.00 बजे

शर्ते :–

1 धरोहर राशि व निविदा शुल्क का डीडी / बैकर्स चैक ''सदस्य सचिव राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी, शाहपुरा भीलवाड़ा के नाम देय होगा तथा प्रोसेसिंग शुल्क राशि का डीडी / बैकर्स चैक MD RISL जयपुर के नाम से देय होगा। उक्त सभी डीडी / बैकर्स चैक निर्धारित दिनांक – 29.07.2019 को दोपहर 12.00 बजे तक आवश्यक रूप से कार्यालय में जमा कराना होगा इसके अभाव में निविदा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

2 निविदा में निविदादाता को डिजिटल हस्ताक्षर से ऑनलाईन भाग लेना होगा।

सचिव
आरएमआरएस
राजकीय सेटेलाईट चिकित्सालय
शाहपुरा (भीलवाड़ा)

DIPR/C/5645/2019

एचपी ने लांच किया नया प्रोबुक 445 जी 6

नई दिल्ली, वार्ता। एचपी इंक इंडिया ने अपने कॉमर्शियल पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुये गुरूवार को नया एचपी प्रोबुक 445 जी6 नोटबुक लाँच करने की घोषणा की जिसकी कीमत 67260 रुपये है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि यह नया पावर पैक्ड हल्के वजन का अल्ट्रा-स्लिम नोटबुक है जिसमें नवीनतम एएमडी रेज़ेनन्न प्रोसेसर है और इसे आधुनिक व्यवसायों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए बनाया गया है। आधुनिक एसएमबी वर्कफोर्स और अन्य बढ़ते व्यवसायों के लिए डिजाइन किया गया है। उसने में कहा कि इस नये नोटबुक में सिक्योरिटी को पुख्ता करते हुये इसमें एचपी बायोस्फेयर जेन4 , एचपी क्लाइंट सिक्योरिटी मैनेजर जी4 जैसे फीचर दिये गये हैं।

टिकटॉक, हेलो को सरकार ने भेजा नोटिस

नई दिल्ली, भाषा। वीडियो सोशल मीडिया मंच टिकटॉक और हेलो को सरकार ने नोटिस भेजकर 21 सवालों के जवाब मांगे हैं। साथ ही इनका जवाब नहीं देने की स्थिति में प्रतिबंध का सामना करने की चेतावनी दी है। हालांकि, टिकटॉक ने कहा है कि वह सरकार के साथ सहयोग करने को प्रतिबद्ध है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने यह कार्रवाई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े स्वदेशी जागरण मंच की ओर से प्रधानमंत्री को भेजी गयी।

टाइटन बायोटेक लिमिटेड
CIN: L74999RJ1992PLC013387
पंजी. कार्यालय: ए-902ए, रीको इंडस्ट्रियल, एरिया, फेज-III, भिवाड़ी-301019
ई-मेल: cs@titanbiotechltd.com फोन:011-27355742
वेबसाईट: www.titanbiotechltd.com
शेयर प्रमाण पत्र की हानि की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी उल्लिखित प्रतिभूतियों के लिए प्रमाणपत्र(ओ) को खो दिया / गुम हो या है और उक्त प्रतिभूतियों के धारक(ओ) ने कंपनी को डुप्लिकेट प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आवेदन किया है।

किसी भी व्यक्ति को, जो उक्त प्रतिभूतियों के संबंध में दावा करता है, कि इस तिथि से 15 दिनों के भीतर अपने पंजीकृत कार्यालय में कंपनी के साथ इस तरह के दावे को प्रस्तुत करना चाहिए, अन्यथा कंपनी आगे के सूचना के बिना डुप्लिकेट प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आगे बढ़ेगी।

धारको का नाम	प्रतिभूतियों और अंकित मूल्य के प्रकार	प्रतिभूतियों की संख्या	डिसटिन्कटिव नं.
संजना कानोत्रा	इक्विटी शेयरा (रु. 10/- प्रत्येक अंकित मूल्य)	400 शेयर	379271-379670

कृते टाइटन बायोटेक लिमिटेड
हस्ता/-
चरनजीत सिंह
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

दिनांक: 17.07.2019
स्थान: दिल्ली